# भारती कॉलेज में वैदिक मंगलोत्सव के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

नई दिल्ली, 30 जुलाई 2026

दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ आज अत्यंत हर्ष, उल्लास एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ वैदिक मंगलोत्सव के रूप में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सरस्वती परिसर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सलोनी गुप्ता के संरक्षण एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन में किया गया। उनके यशस्वी नेतृत्व में भारती कॉलेज निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों तथा समग्र व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहा है।


कार्यक्रम के अंतर्गत वैदिक परंपरा के अनुसार रुद्राभिषेक एवं वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान-परंपरा के अनुरूप मंगलमय स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल शैक्षणिक जीवन की कामना की गई।

इस आयोजन का संयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभाग, भारती कॉलेज के द्वारा किया गया । कार्यक्रम की सफलता में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभाग के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महाविद्यालय के शिक्षकगण, नॉन टीचिंग कर्मचारीयों तथा बड़ी संख्या में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहयोग एवं सहभागिता की।

वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक संपन्न हुआ तथा तत्पश्चात वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार यज्ञ आयोजित किया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने यज्ञ में आहुति अर्पित कर ज्ञान, सद्बुद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, संस्कार एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ सफल शैक्षणिक जीवन की मंगलकामना की। संपूर्ण परिसर वैदिक मंत्रों की पावन ध्वनि, आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक चेतना से अनुप्राणित रहा।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रोफेसर सलोनी गुप्ता ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, उत्कृष्ट अध्ययन, नैतिक मूल्यों तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि संस्कार, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों का विकास भी है।

कार्यक्रम का समापन मंगलकामना एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपरा एवं शिक्षा के समन्वित स्वरूप का प्रेरक उदाहरण बनकर नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ का साक्षी बना।







WHOM TO CONTACT
HOW TO FILE A COMPLAINT
PUNISHMENT
BHARATI COLLEGE
UNIVERSITY OF DELHI